आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 20.03.2025 समय : 02.10pm

नर्मदा-क्षिप्रा सिंचाई परियोजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन जिले के तराना में 2 हजार 489 करोड़ रुपए से अधिक लागत की नर्मदा-क्षिप्रा बहुउद्देशीय माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना और अन्य विकास कार्यों का आज लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया। परियोजना से क्षेत्र के कुल 100 ग्रामों की 30 हजार 218 हेक्टेयर भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे उज्जैन जिले की दो तहसीलों तराना, घट्टिया के कुल 83 ग्रामों की 27 हजार 490 हेक्टेयर भूमि और शाजापुर जिले के 17 ग्रामों की 2 हजार 728 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि क्षिप्रा का बांध आधुनिक समय का सबसे बेहतर प्रबंधन हैं।

सेमिनार ऑन हैप्पीनेस

राज्य आनंद संस्थान द्वारा आज से कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में दो दिवसीय नेशनल सेमिनार ऑन हैप्पीनेस का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सेमिनार में शामिल होंगे। सेमिनार में देश के विभिन्न प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। सेमिनार का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय आनंद दिवस पर किया जा रहा है, जिसका समापन कल होगा। संस्थान के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आशीष कुमार ने बताया कि दो दिवसीय सेमिनार के दौरान आनंद के विभिन्न आयामों पर व्याख्यान एवं परिचर्चा सत्र आयोजित किये जा रहे हैं। कार्यक्रम में प्रदेश में आनंद गतिविधियों से जुड़े संगठन और स्वयंसेवी सम्मिलित हो रहे है।

विश्व प्रसन्नता दिवस

आज दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन दुनिया भर में मानव जीवन में प्रसन्नता और कल्याण की भावना को रेखांकित करने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है- देखभाल और साझा करना। इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र संघ ने विश्व प्रसन्नता रिपोर्ट-2025 जारी की। इस रिपोर्ट में खुशी और करूणा के वैश्विक विश्लेषण सहित कई सच्ची कहानियां हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि कैसे भोजन साझा करना खुशी और सामाजिक संबंधों को बढ़ावा देता है।

विश्व उपभोक्ता

विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम कल से कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम होगा। उल्लेखनीय है कि होली के कारण 15 मार्च को यह कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सका था। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा उपभोक्ता-जागरूकता प्रदर्शनी लगायी जायेगी। उपभोक्ता जागरूकता दिवस एवं नुक्कड़ नाटक भी आयोजित किये जायेंगे।

विश्व गौरैया दिवस

आज विश्व गौरैया दिवस है। यह दिन गौरैया की आबादी में तेज़ी से हो रही कमी के बारे में जागरूकता के लिए प्रयास है। हर वर्ष 20 मार्च को मनाया जाने वाला यह दिन पहली बार वर्ष 2010 में विश्व के विभिन्न हिस्सों में मनाया गया था। गौरैया कीटों की आबादी को नियंत्रित करके और पौधों के परागण करके पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

मौसम

प्रदेश में एक साथ दो सिस्टम एक्टिव होने से हिस्सों में गरज चमक के साथ बारिश होने के आसार है। 22 मार्च तक मंडला, बालाघाट, सीधी-सिंगरौली समेत 7 जिलों में ओले गिरने का अलर्ट जारी किया गया है। कल नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, गुना, अशोकनगर, सिंगरौली, सीधी, मऊगंज, शहडोल, उमरिया, डिंडौरी, कटनी, मंडला और मैहर जिलों में मौसम बदला रहा। कुछ जगहों पर बौछारें भी गिरीं। भोपाल में बादल छाए रहे।

समाचार संक्षेप में :–

- बैतूल जिले के नगरीय निकायों एवं नगर परिषद में दर्ज सीएम हेल्पलाइन की शिकायत का फरवरी महीने में 96.34 प्रतिशत निराकरण होने पर जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर आ गया है। बैतूल को ए ग्रेड दिया गया है।
- शिवपुरी जिले में निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कलेक्टर कार्यालय में कल मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से सुझाव, कठिनाई, अनिराकृत विषय पर चर्चा की गई।
- नर्मदापुरम जिले में नरवाई जलाने वालों पर जिला प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना ने अनुविभागीय अधिकारी सहित प्रशासनिक अधिकारियों को इस सम्बंध में आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं।